# ANNUAL REPORT


**Mahila Shishu Kalyan Sansthan Evam Hast Shilp Kala Prashiksan Kendra , Manichapper, Po- Hathua, Dist. –Gopalganj**

mskshathua@gmail.com Mob:- 9934868144 \9835466251


# 2021-22

1. **KAUSAL YUVA PROGRAMME (KYP):-** BIHAR SKILL DEVELOPMENT MISSION के सहयोग से उचकागाव प्रखंड के मीरगंज में KAUSAL YUVA PROGRAMME चलाया जा रहा हैं । छात्र – छात्राओं को BS-CIT , BS- CSS, BS-CCS का प्रशिक्षण दिया गया । युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाने के मकसद से बिहार सरकार ने कुशल युवा प्रोग्राम (केवाईपी या KYP) शुरू किया है | यह बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन का हिस्सा है | कुशल युवा प्रोग्राम (KYP) के तहत स्टूडेंट को कम्युनिकेशन स्किल, कंप्यूटर की बेसिक शिक्षा और सॉफ्ट स्किल की जानकारी दी जाती है| प्रदेश के युवा मेधावी होने के बावजूद कंप्यूटर और अंग्रेजी की समझ कम होने से प्रतियोगिता में पिछड़ जाते हैं | यही वजह है कि KYP कार्यक्रम में इन्हीं चीजों पर जोर दिया जाता है, जिससे इंटरव्यू में उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी | KYP योजना का लाभ उठाने के लिए बिहार का नागरिक होना जरूरी है | 10वीं और 12वीं परीक्षा पास कर चुके विद्यार्थी KYP योजना का लाभ उठा सकते हैं | KYP योजना का लाभ उठाने के लिए स्टूडेंट की उम्र 15 से 25 साल के बीच होनी चाहिए | एससी और एसटी के लिए उम्र सीमा 30 साल, ओबीसी के लिए 28 साल और दिव्यांग के लिए 30 साल है स्टूडेंट को KYP में कम्युनिकेशन स्किल, कंप्यूटर की बेसिक जानकारी और सॉफ्ट स्किल की जानकारी दी जाती है| इन तीनों विषय की जानकारी 240 घंटे में दी जाएगी. 3 महीने में ये तीनों चीजें KYP में पढ़ा दी जाएंगी|

   कम्युनिकेशन स्किल के तहत अंग्रेजी और हिंदी लिखने और पढ़ने के साथ ही KYP में बोलना भी सिखाया जाता है. इसके अलावा ग्रामर और शब्दों के बारे में भी जानकारी दी जाती है. KYP में शब्दों के उच्चारण पर खास ध्यान दिया जाता है|

   बच्चो को स्वंय सहायता भत्ता तथा 01% के व्याज दर पर शिक्षा लोन दिलाया गया ।

2. **HEALTH AND AMBULANCE PROGRAM:-** संस्था द्वारा गोपालगंज जिला के हथुआ अनुमंडल में एम्बुलेंस सेवा दी गई। जिमके ब्लॉक स्तरीय हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने पर लोगों को एंबुलेंस सेवा का निशुल्क लाभ मिल सकेगा। खास बात यह है कि एंबुलेंस सेवा का संचालन संस्था द्वारा ही किया जाएगा जिसमें एंबुलेंस के साथ ड्राइवर और अटेंडर 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ग्रामीणों को साधनों की कमी पड़ती है। एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने की वजह से मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, संस्था द्वारा एंबुलेंस सेवा की शुरुआत किए जाने से क्षेत्र के मरीजों को एंबुलेंस की सुविधा मिलने लगी।

3. **SEMINAR /WORKSHOP:-**

   (i) **SEMINAR ON WOMEN EMPOWERMENT:-** महिलाओं को अलग-अलग रूप से प्रताड़ित करने एवं उनके अधिकारों के हनन पर एक संगोष्ठी का आयोजन संस्था द्वारा हथुआ में किया गया । जिसमे 60 प्रतिभागियों नें भाग लिया । इस संगोष्ठी का मुख्य उदेश्य महिलाओं को पुरुषो का साथ समान रूप से खड़े होने में मदद करना और साथ – साथ एक परिवार की समृदि सुनिशिचत करने के लिए मूलभूत कदम भी था ।

   (ii) **ONE DAY WORKSHOP ON YOUTH LEADERSHIP AND CAPACITY DEVELOPMENT:-** संस्था के परिसर में युवा नेतृत्त्व एवं क्षमता निर्माण को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमे 20 गाव के 56

प्रतिभागियों नें भाग लिया । कार्यशाला का मुख्य उदेश्य युवाओं के समाज के सभी मुद्दों के प्रति सवेदनशील बनने, निर्धारित लक्ष्यों के प्राप्ति के लिए समय का पालन पर जोड़ दिया गया । कार्यशाला में युवाओ को राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारियो दी गई ।

## 4. VOCATIONALTRAINING:-

**(i) Computer Training- Basic Computer Training** के अंतगर्त 70 प्रषिक्षणाथियों को प्रषिक्षत किया गया। **Computer** में जागरूकता के कमी के कारण बच्चें दुसरें परम्परागत कार्य करने लगते हैं। **Computer Training** में बच्चों को प्रषिक्षत कर उनको आर्थिक सषक्तीकरण से जोडा गया। कुछ प्रषिक्षणाथी अपना स्वयं कार्य कर रहे है।

**(ii) Dress Design (Tailoring) :-** इस कार्यकम के अंतगर्त सिलाई कटाई कषिदाकारी बुनाई और खिलौना बनाने का प्रषिक्षण दिया गया। इसके अंतगर्त कुल 85 महिलाओ को प्रषिक्षत किया गया। महिलाओ को वित्तीय समावेषन में सुधार के लिए बचत वाले सूक्ष्म–वित्तीय कार्यकम से जोडा गया। कुछ महिलाएँ अपना व्यवसाय चला रही है।

## 5. INTERNATIONAL DAYS:-

**International Literacy Day :-** 8 सितम्बर को साक्षरता दिवस के अवसर पर कौशल विकाश केंद्र, मीरगंज में कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अक्षर मेला, संस्कृतिक कार्यक्रम, अक्षर शब्द, अंक दौड़, विज्ञान के चमत्कार, अंधविश्वास का पर्दाफास आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि इस प्रखंड को पूर्णत: साक्षर किया जाएगा। छात्रों को सरकार की जनधन योजना, शिक्षा ऋण, कृपि ऋण तथा व्यक्तिक ऋणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। **कौषल विकास केन्द्र** की ओनर सुश्री अफिजा वसीम ने जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत छात्र तकनिकी शिक्षा एवं उच्चशिक्षा के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेकर पढ़ाई कर सकते है।

**International Women's Day :-**8 मार्च 2022 को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर षयामा मार्कट, मीरगंज महिलाओ में आत्मविषवास बढाने हेतु महेंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला सशक्तीकरण विषय पर कार्यशाला की गई। महिलाओं का सम्मान और उनकी उपलब्धियों का योगदान , खुले में शौच से मुक्ति, शराबबंदी, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी बुराईयों पर भी चर्चा की गई।

**World Aids Day-** 1 दिसम्बर को WORLD AIDS DAY के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में AIDS से बचाव के तरीके के बारे में लोगो को जागरूप किया गया । एड्स को लेकर हमारे समाज में कई मिथक हैं लोगो को इस बीमारी के प्रति जागरूप किया गया । विश्व एड्स दिवस के खास थीम "लेट कम्युनिटीज लीड " पर चर्चा की गई ।

## 6. DEATH ANNIVRSARY OF FOUNDER MEMBER

:- संस्था के संस्थापक सह सचिव म० वसीम तथा संस्था की सदस्य नसीम अफरोज की पुण्यतिथि मनाई गई है। सचिव म० वसीम का जीवन गोपालगंज जिला के संस्था जगत के हर किसी के लिए आदर्श है। इसी आदर्श को हमेशा याद रखने के लिए 18 नवम्बर को स्मृति दिवस के तौर पर मनाया जाता है। म० वसीम ने महज 25 साल की उम्र में ईश्वर और ज्ञान की प्राप्ति के लिए सांसारिक मोह माया त्याग कर समाजिक कार्यो के लिए अपना जीवन दे दिया ।